सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राजस्थान)

निविदा आमंत्रण सूचना

सी.एस.आई.आर. या इसकी प्रयोगशालाओं/संस्थानों के लिए कार्य करने वाले तथा समान कार्यों (तालिका में उल्लिखित) को करने का अनुभव रखने वाले तथा निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूर्ण करने वाले पंजीकृत ठेकेदारों/केंद्रीय लोक निर्माण विभाग/राज्य लोक निर्माण विभाग/रेलवे/एमईएस/बीएसएनएल (डाक व तार विभाग) की समुचित श्रेणी की फर्मों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

(क) 31 मार्च को समाप्त विगत वित्त वर्ष से पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्माण कार्यों पर औसत वार्षिक वित्तीय टर्न ओवर (कुल बिक्री) अनुमानित लागत का न्यूनतम 30% हो।

(ख) निम्नलिखित कार्यों में से किसी एक के समान कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का, इस आवेदन को आमंत्रित करने के माह की अंतिम तिथि से एक माह पूर्व तक न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव हो।

(1) समान प्रकृति के तीन कार्य जिसकी धनराशि अनुमानित लागत के 40% से कम न हो।

(2) समान प्रकृति के दो कार्य जिसकी धनराशि आुमानित लागत के 50% से कम न हो।

(3) समान प्रकृति का एक कार्य जिसकी धनराशि आुमानित लागत के 80% से कम न हो।

निम्नलिखित कार्यों के लिए आवेदन करने की इच्छुक फर्म **जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नम्बर की साथ में प्रति संलग्न करे यदि जी.एस.टी. के दायरे में नही है तो इसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे** तथा उपर्युक्त शर्तें पूरी करने का प्रमाण सहित आवेदन करें। ठेकेदार को इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि उसे किसी प्राधिकारी द्वारा निविदा देने के लिए विवर्जित (Debar) नहीं किया गया है। कार्य करने के लिए ठेकेदार के पास वैध विद्युत लाइसेंस होना चाहिए।

निम्नलिखित कार्यों की अनुमानित लागत डीएसआर-16 व बाजार दरों पर आधारित हैं। कार्य का विवरण निम्नवत है :-

कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	बयाना राशि (रु. में)	निविदा लागत (रु. में)	पूर्णता अवधि	अंतिम तिथि व समय		निविदा जमा करने तथा खोलने की तिथि व समय
					आवेदन प्राप्त करना	निविदा दस्तावेज जारी करना	
Provision of room for meter board, panel board for separation of colony & Institute electricity as required by AVVNL at CEERI, Pilani.	18.885	37670/-	500/-	4 माह	1.9.2017 से 7.9.2017	2.9.2017 से 8.9.2017	11.9.2017

लगतार----2.

उपर्युक्त कार्य के लिए निविदा उपर्युक्त तिथि के अनुसार किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान सायं 6.00 बजे तक लिखित आवेदन पर पूर्ण प्रत्यय पत्र (Credentials), सूचीयन स्थिति तथा **जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नम्बर की प्रति** सहित, पर जारी की जाएगी। लिखित आवेदन के साथ निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के पक्ष में देय निविदा लागत संबंधी चालान/डिमांड ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए।

निविदा मुहरबंद लिफाफे में उपर्युक्त तिथि को सायं 3.00 बजे तक प्रशासन नियन्त्रक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी(राजस्थान) को भेजी जाएँ । प्राप्त निविदाएँ उसी दिन सायं 3.30 बजे प्रशासन नियन्त्रक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के कार्यालय में उपस्थितनिविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएँगी । निविदा लागत अप्रतिदेय (Non-refundable) है ।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार अथवा आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षि।त है।

निविदा आमंत्रण सूचना संस्थान की वेबसाइट www.ceeri.res.in पर भी उपलब्ध है